# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 18/02/2025 |
| Exam Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** **KB 23 एक निश्चित प्रकार से SK 50 से संबंधित है। BP 12 ठीक उसी प्रकार JY 39 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, MH 31 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?**

**Ans**

✗ 1. VR 56

✗ 2. TQ 58

✓ 3. UQ 58

✗ 4. UP 57

**Q.2** **एक निश्चित कूट भाषा में,**

**'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',**
**'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',**
**'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और**
**'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।**

**यदि 'P + Q × R ÷ S – T' है, तो उपरोक्त के आधार पर, P का T से क्या संबंध है?**

**Ans**

✗ 1. पत्नी

✗ 2. मां

✗ 3. पुत्री


✓ 4. बहन

Q.3 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सटीक रूप से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।


शरीर, हाथ, आँख

Ans


✗ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



Q.4 यदि शब्द GLORIFY के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans

✗ 1. 3

✓ 2. 1

✗ 3. 0

✗ 4. 2

Q.5 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से ADGI का संबंध BFJM से है। उसी तरीके से EHLN का संबंध FJOR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से GKPQ का संबंध किससे है?

Ans

✓ 1. HMSU

✗ 2. IMRS

✗ 3. PQGK

✗ 4. HLQR

Q.6 एक निश्चित कूट भाषा में, 'NFTBZ' को '20' के रूप में और 'ZOQ' को '12' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'GZFESITY' के लिए कूट क्या है?


Ans
- ✗ 1. 37
- ✓ 2. 32
- ✗ 3. 22
- ✗ 4. 28

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

310 320 331 343 356 ?


Ans
- ✓ 1. 370
- ✗ 2. 372
- ✗ 3. 374
- ✗ 4. 368


Q.8 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) उसके एक भाग के रूप में निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

✓ 1.


✗ 2.



✗ 3.


✗ 4.


**Q.9** E, F, G, H, J, K और L एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
K के दाएं से गिनने पर K और J के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाएं से गिनने पर H और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, F के ठीक दाएं बैठा है। G, L के ठीक दाएं बैठा है।
E के दाएं चौथे स्थान पर कौन बैठा है?


**Ans**
- ✗ 1. H
- ✗ 2. F
- ✗ 3. L
- ✓ 4. G

**Q.10** नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दी गई हैं। फलक 6 के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या होगी?






**Ans**
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 5
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 2


Q.11 एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.12 सात व्यक्ति, A, B, L, M, N, S और T, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
T और M के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N के दाईं ओर केवल L बैठा है। M और N के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, S के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन A के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
A और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो
2. तीन
3. एक
4. चार

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
DDI BBD ZZY XXT ?

Ans
1. VVQ
2. VVO
3. VVP
4. VVR

**Q.14** एक निश्चित कूट भाषा में, 'DSBQCA' को '4' के रूप में और 'SJTB' को '2' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'XTPLIKAE' के लिए कूट क्या है?

**Ans**

✗ 1. 5

✓ 2. 6

✗ 3. 8

✗ 4. 7

**Q.15** यदि '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '–' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

72 + 5 – 42 × 7 ÷ 1 = ?

**Ans**

✗ 1. 71

✗ 2. 72

✗ 3. 70

✓ 4. 73

**Q.16** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

719 729 739 ? 759 769

**Ans**


✗ 1. 746

✗ 2. 747


✓ 3. 749


✗ 4. 748


**Q.17** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।





**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.18** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ सुपरस्टार, अभिनेता हैं।
कुछ सुपरस्टार, लेखक हैं।
कुछ अभिनेता, निर्माता हैं।
निष्कर्ष:
(I): कुछ सुपरस्टार, निर्माता हैं।
(II): कुछ अभिनेता, लेखक हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

| | |
|---|---|
| Q.19 | उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।<br><br>_YSXR_QVPU_TNSM_ LQK_ |
| Ans | ✔ 1. TWORP<br>✗ 2. QWNRJ<br>✗ 3. QXNSJ<br>✗ 4. TXOSP |

| | |
|---|---|
| Q.20 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?<br><br>(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. WMC<br>✗ 2. RHX<br>✔ 3. QEU<br>✗ 4. KAQ |

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।

| योजना का नाम | वर्ष |
|---|---|
| i. जवाहर रोजगार योजना (Jawahar Rozgar Yojana) | 1. 1988 |
| ii. रोजगार आश्वासन योजना (The Employment Assurance Scheme) | 2. 1989 |
| iii. मिलियन वेल्स योजना (The Million Wells Scheme) | 3. 1995 |
| iv. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (National Social Assistance Programme) | 4. 1993 |

Ans
✗ 1. i-3, ii-4, iii-2, iv-1
✗ 2. i-2, ii-3, iii-4, iv-1
✗ 3. i-4, ii-1, iii-2, iv-3
✔ 4. i-2, ii-4, iii-1, iv-3

| | |
|---|---|
| Q.2 | नामस्रोतीय ट्रैक 'ब्रेथलेस' किस संगीत कलाकार की सबसे उल्लेखनीय रचनाओं में से एक है, जो 1998 में रिलीज़ हुआ था? |
| Ans | ✗ 1. ए. आर. रहमान<br>✔ 2. शंकर महादेवन<br>✗ 3. मोहित चौहान<br>✗ 4. शान |

| | |
|---|---|
| Q.3 | भारत ने आखिरी बार एशियाई खेलों की मेजबानी कब की थी? |
| Ans | ✗ 1. 1983 में<br>✗ 2. 1990 में<br>✗ 3. 1988 में<br>✔ 4. 1982 में |

| | |
|---|---|
| Q.4 | नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS) बुलेटिन 2020 के अनुसार, ग्रामीण और शहरी भारत की मृत्यु दर में कितना अंतर था? |
| Ans | ✗ 1. 6.4<br>✗ 2. 6.0<br>✗ 3. 5.1<br>✔ 4. 1.3 |

Q.5 निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन करें।

Ans
1. विटामिन A, E और C प्रतिऑक्सीकारक के रूप में कार्य करते हैं।
2. कोलैजन संश्लेषण में विटामिन C महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
3. विटामिन C शरीर में आयरन के अवशोषण और उपयोग को सुगम बनाता है।
4. व्यायाम और प्रतिस्पर्धा के दौरान वसा को ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत माना जाता है।

Q.6 किसी राज्य में मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से __________ के प्रति उत्तरदायी होती है।

Ans
1. राज्य विधान सभा
2. राज्यपाल
3. मुख्यमंत्री
4. राष्ट्रपति

Q.7 पश्चिमी जेट स्ट्रीम (jet stream) किस क्षेत्र से पश्चिमी विक्षोभ को भारतीय उपमहाद्वीप में लाने के लिए उत्तरदायी है?

Ans
1. पूर्वी साइबेरियाई सागर
2. भूमध्य सागर
3. कैस्पियन सागर
4. अरब सागर

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, प्रगतिशील कर प्रणाली (progressive tax system) की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

Ans
1. करयोग्य राशि बढ़ने पर कर की दर बढ़ती है
2. व्यक्तियों के लिए कर दर की तुलना में निगमों के लिए अधिक कर दर
3. सभी आय समूहों के लिए एक समान कर दर
4. कर योग्य राशि बढ़ने पर कर की दर घट जाती है

Q.9 भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्यों की अवधारणा किस देश के संविधान से प्रेरित है?

Ans
1. यू.के. (The UK)
2. सोवियत संघ
3. अमेरिका (The US)
4. जापान

Q.10 मार्च 2024 में, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के केरल कैडर के अधिकारी ज्ञानेश कुमार भारत सरकार के निम्नलिखित में से किस विभाग में शामिल हुए?

Ans
1. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)
2. भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI)
3. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)
4. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)

Q.11 निम्नलिखित में से किसे अपकेंद्रण की प्रक्रिया द्वारा मिश्रण से अलग किया जा सकता है, लेकिन निस्यंदन की प्रक्रिया द्वारा अलग नहीं किया जा सकता है?

Ans
1. विलयन
2. केवल निलंबन
3. कोलॉइड और निलंबन दोनों
4. केवल कोलॉइड

Q.12 हरित क्रांति का एक बड़ा नुकसान क्या था?

Ans
1. शहरीकरण में वृद्धि
2. प्रौद्योगिकी का कम उपयोग
3. औद्योगिक वृद्धि में कमी
4. जैव विविधता की हानि

Q.13 1876 में स्थापित इंडियन एसोसिएशन (Indian Association) की स्थापना किसने की थी?

Ans
- ✗ 1. लाला लाजपत राय और चितरंजन दास
- ✗ 2. बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल
- ✓ 3. सुरेंद्रनाथ बनर्जी और आनंदमोहन बोस
- ✗ 4. महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू

Q.14 2023 में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों का आदर्श वाक्य क्या था?

Ans
- ✗ 1. रेडी गेट सेट गोवा (Ready Get Set Goa)
- ✗ 2. रेडी गेट सेट गो (Ready Get Set Go)
- ✗ 3. गेट सेट गो (Get Set Go)
- ✓ 4. गेट सेट गोवा (Get Set Goa)

Q.15 प्रधानमंत्री मुद्रा योजना किसने लॉन्च की?

Ans
- ✓ 1. नरेंद्र मोदी
- ✗ 2. निर्मला सीतारमण
- ✗ 3. अमित शाह
- ✗ 4. राजनाथ सिंह

Q.16 बोहाग बिहू, जिसे _________ बिहू भी कहा जाता है, उल्लास एवं समृद्धि के प्रतीक के रूप में असमिया नव वर्ष और वसंत के आगमन का उत्सव है।

Ans
- ✓ 1. रोंगाली (Rongali)
- ✗ 2. गोरु (Goru)
- ✗ 3. मनुह (Manuh)
- ✗ 4. कटि (Kati)

Q.17 कौन-सा राजवंश मौर्य साम्राज्य का उत्तराधिकारी बना?

Ans
- ✓ 1. शुंग
- ✗ 2. कुषाण
- ✗ 3. गुप्त
- ✗ 4. कण्व

Q.18 अक्टूबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार 26 और 27 सितंबर 2024 को आयोजित भारत शर्करा और जैव ऊर्जा सम्मेलन (India Sugar & Bio Energy Conference) का उद्घाटन करने वाले प्रल्हाद जोशी, वर्तमान में किस केंद्रीय मंत्रालय का नेतृत्व कर रहे हैं?

Ans
- ✗ 1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन
- ✓ 2. उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा
- ✗ 3. पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास
- ✗ 4. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी

Q.19 गणतंत्र दिवस 2023 के लिए, 'मानसखंड' विषय पर आधारित किस राज्य की झांकी को 17 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में से सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार प्रदान किया गया?

Ans
- ✗ 1. कर्नाटक
- ✓ 2. उत्तराखंड
- ✗ 3. गोवा
- ✗ 4. असम

Q.20 सत्रिया नृत्य कलाकार ओली जेरांग (Oli Jerang) निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित हैं?

Ans
✗ 1. सिक्किम
✓ 2. अरुणाचल प्रदेश
✗ 3. मेघालय
✗ 4. असम

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹60,000 है। इसे 10%, 15% और 20% की क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹36,710
✗ 2. ₹36,750
✗ 3. ₹36,700
✓ 4. ₹36,720

Q.2 एक रिफ़ाइनरी 3 ग्रेड के गैसोलीन का उत्पादन करती है: रेगुलर (85% ऑक्टेन), मिड-ग्रेड (90% ऑक्टेन) और प्रीमियम (95% ऑक्टेन)। यदि 200 बैरल रेगुलर, 100 बैरल मिड-ग्रेड और 100 बैरल प्रीमियम को मिलाया जाए, तो औसत ऑक्टेन रेटिंग क्या होगी?

Ans
✗ 1. 89%
✗ 2. 88.5%
✗ 3. 88.25%
✓ 4. 88.75%

Q.3 दो संख्याएँ 1 : 3 के अनुपात में हैं। यदि उनके HCF और LCM का गुणनफल 1200 है, तो संख्याएँ ______ और _____ हैं।

Ans
✓ 1. 20, 60
✗ 2. 10, 30
✗ 3. 15, 45
✗ 4. 30, 90

Q.4 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(90 \div 3) \times \left\{\frac{63}{7} + \frac{28}{3} \times (8 - 5)\right\}\right]$$

Ans
✗ 1. 1102
✗ 2. 1091
✓ 3. 1110
✗ 4. 1127

Q.5 हरी शहर A से शहर B तक यात्रा करता है। यदि हरी अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{1}{8}$ चाल पर चलाता है, तो वह शहर B तक 21 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि हरी अपनी कार सामान्य चाल से चलाता, तो शहर A से शहर B तक यात्रा करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगता?

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 7
✓ 3. 3
✗ 4. 11

Q.6 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 198 और 9 है। यदि उनमें से एक संख्या 99 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20 ✗
2. 16 ✗
3. 17 ✗
4. 18 ✓

Q.7 18 और 30 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 53 ✗
2. 50 ✓
3. 60 ✗
4. 48 ✗

Q.8 अवि एक कार्य को 6 दिनों में पूरा कर सकता है, अवनी इसे 8 दिनों में पूरा कर सकती है, आरती इसे 12 दिनों में पूरा कर सकती है और रीता इसे 16 दिनों में पूरा कर सकती है। उन सभी ने एक-एक करके कार्य करने का फैसला किया, सबसे पहले अवि कार्य शुरू करता है और एक-चौथाई दिन कार्य करता है, फिर अवनी एक-चौथाई दिन कार्य करती है, फिर आरती एक-चौथाई दिन कार्य करती है और फिर रीता बचे हुए एक-चौथाई दिन कार्य करती है। कार्य समाप्त होने तक यह चक्र दोहराया जाता है। जब कार्य समाप्त हुआ, तो कौन कार्य कर रहा था?

Ans
1. अवनी ✗
2. रीता ✗
3. अवि ✓
4. आरती ✗

Q.9 यदि समान ब्याज दर पर, 2 वर्ष में, साधारण ब्याज ₹40 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹45 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 80 ✓
2. 75 ✗
3. 84 ✗
4. 73 ✗

Q.10 वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर अक्षय ₹5400 की राशि का निवेश करता है और अतुल ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 4 वर्ष के अंत में, अतुल को अक्षय से ₹720 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3.5 ✗
2. 4.5 ✓
3. 6.5 ✗
4. 2.5 ✗

Q.11 दिए गए समीकरण में 'A' के स्थान पर क्या आएगा?

$$\frac{A}{192} = \frac{48}{A}$$

Ans
1. 84 ✗
2. 86 ✗
3. 96 ✓
4. 74 ✗

Q.12 एक कक्षा के 48 विद्यार्थियों की औसत आयु 10 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी सम्मिलित कर ली जाए, तो संपूर्ण समूह की औसत आयु 11 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 59
- ✗ 2. 65
- ✗ 3. 60
- ✗ 4. 62

Q.13 किसी जिले की जनसंख्या 385000 है, जिसमें 168000 पुरुष हैं। 52% जनसंख्या साक्षर है। यदि 21% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 74%
- ✗ 2. 73%
- ✔ 3. 76%
- ✗ 4. 78%

Q.14 वह छोटी से छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात कीजिए, जो 12, 28, 36 और 27 से विभाज्य हो।

Ans
- ✗ 1. 691
- ✗ 2. 822
- ✔ 3. 756
- ✗ 4. 688

Q.15 एक समचतुर्भुज के विकर्ण 15 cm और 24 cm हैं, इसका क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. $160 \text{ cm}^2$
- ✔ 2. $180 \text{ cm}^2$
- ✗ 3. $90 \text{ cm}^2$
- ✗ 4. $360 \text{ cm}^2$

Q.16 एक व्यक्ति किसी वस्तु को ₹222 में बेचता है, जिससे उसे 20% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?

Ans
- ✗ 1. 266
- ✗ 2. 178
- ✗ 3. 278
- ✔ 4. 185

Q.17 रूपेश के दो पोते मंदार और केतन हैं। 13 वर्षीय मंदार को रूपेश की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 14 वर्षीय केतन को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन मंदार और केतन को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 23 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 5% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 23 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि रूपेश के पास कुल धनराशि ₹24600 थी, तो रूपेश ने केतन को शुरुआत में कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✔ 1. 12600
- ✗ 2. 12000
- ✗ 3. 11750
- ✗ 4. 12950

**Q.18** एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे वजन से 32% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✔ 1. $47\frac{1}{17}\%$

✘ 2. $46\frac{1}{17}\%$

✘ 3. $49\frac{2}{17}\%$

✘ 4. $48\frac{2}{17}\%$

**Q.19** यदि x का 4% = 36 है, तो x ____ के बराबर है।

**Ans**

✘ 1. 1000

✘ 2. 1900

✔ 3. 900

✘ 4. 1800

**Q.20** एक कार प्रत्येक 2 km की चार क्रमागत दूरियाँ क्रमशः 10 km/hr, 20 km/hr, 30 km/hr और 40 km/hr की चाल से तय करती है। इस कुल दूरी के लिए कार की औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

**Ans**

✔ 1. 19.2

✘ 2. 18.3

✘ 3. 17.36

✘ 4. 21.2

## Section : Part-D-English

**Q.1** Select the most appropriate synonym of the underlined word.

Maya couldn't hide her <u>glee</u> when our rival came last.

**Ans**

✔ 1. Happiness

✘ 2. Unhappiness

✘ 3. Wickedness

✘ 4. Sorrow

**Q.2** Select the most appropriate option to fill in the blanks.

His (1)___ speech was clear, (2)___ and passionate, leaving a (3)___ impression on the audience during the conference.

**Ans**

✘ 1. (1) lasting ; (2) persuasive ; (3) well-structured

✘ 2. (1) well-structured ; (2) lasting ; (3) persuasive

✔ 3. (1) persuasive ; (2) well-structured ; (3) lasting

✘ 4. (1) persuasive ; (2) lasting ; (3) well-structured

**Q.3** Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.

He was playing cricket when I have walked past the stadium early in the morning.

**Ans**

✘ 1. past the stadium

✘ 2. early this morning.

✔ 3. when I have walked

✘ 4. He was playing cricket

**Q.4** Select the most appropriate synonym of the underlined word.

Though she is my best friend, Sarah's compliments felt superficial, lacking genuine warmth or understanding of my efforts.

**Ans**

✗ 1. profound

✗ 2. substantial

✗ 3. kind

✓ 4. shallow

**Q.5** Which of the following sentences contains the meaning of the word 'listless'?

**Ans**

✓ 1. After listening to a long speech, Tanuja felt exhausted and devoid of energy.

✗ 2. As soon as Ravi reported for duty, he was asked to present himself for roster call.

✗ 3. Rudresh is good at creating a linearly ordered data structure on his computer.

✗ 4. To apply for a passport, a list of documents is to be submitted.

**Q.6** Select the most appropriate meaning of the given idiom.

Far and wide

**Ans**

✗ 1. To give away a secret

✗ 2. By itself

✓ 3. Everywhere

✗ 4. Now and then

**Q.7** Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.

After receiving the parcel, she immedietely opened it.

**Ans**

✗ 1. opened

✓ 2. immedietely

✗ 3. parcel

✗ 4. receiving

**Q.8** Fill in the blank with the most suitable collocation.

It is impossible that the bank will ____________.

**Ans**

✗ 1. follow a debt

✗ 2. fragment a debt

✗ 3. format a debt

✓ 4. forgive a debt

**Q.9** Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.

The diplomat's erudition was matched only by his arrogance and recalcitrent attitude towards compromise.

**Ans**

✗ 1. compromise

✗ 2. erudition

✓ 3. recalcitrent

✗ 4. arrogance

**Q.10** Select the most appropriate option to fill in the blanks.

The serene beach offered (1)____ waters, (2)___ sand and (3)___ sunsets, creating a perfect spot for relaxation and reflection after a long day.

Ans
✗ 1. (1) stunning ; (2) soft ; (3) clear
✗ 2. (1) soft ; (2) stunning ; (3) clear
✗ 3. (1) soft ; (2) clear ; (3) stunning
✓ 4. (1) clear ; (2) soft ; (3) stunning

**Q.11** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

(A) The cat quiet stalked its prey, / (B) moving stealthily through the tall grass, / (C) demonstrating its hunting skills / (D) with great precision and grace.

Ans
✗ 1. B
✓ 2. A
✗ 3. C
✗ 4. D

**Q.12** Select the most appropriate option to fill in the blank.
The family heirloom was not only rare but was also _________.

Ans
✗ 1. profit
✗ 2. productivity
✓ 3. priceless
✗ 4. artist

**Q.13** Select the word segment that can substitute the bracketed word segment correctly and complete the sentence. Select 'No substitution required' if the given sentence is correct.

The detective (had been solved the murder mystery) within a week.

Ans
✗ 1. solve the murder mystery
✓ 2. solved the murder mystery
✗ 3. No substitution required
✗ 4. have been solved the murder mystery

**Q.14** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

The new software update brought quite a few improvements in the <u>transactions</u>.

Ans
✗ 1. interplay
✗ 2. interpretation
✓ 3. deals
✗ 4. intralingual

**Q.15** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Young

Ans
✗ 1. Stiff
✗ 2. Boyish
✗ 3. Moist
✓ 4. Mature

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Recycling at home is a simple (1) _____ impactful way to contribute to environmental conservation. Separating recyclables (2) _____ paper, plastic and glass from regular waste reduces landfill waste. (3) ____ adopting this habit, individuals (4) _______ participate in sustainable practices. It not only helps the environment but also sets an example for future generations on (5) _______ living.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans**

✗ 1. but

✓ 2. and

✗ 3. also

✗ 4. yet

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Recycling at home is a simple (1) _____ impactful way to contribute to environmental conservation. Separating recyclables (2) _____ paper, plastic and glass from regular waste reduces landfill waste. (3) ____ adopting this habit, individuals (4) _______ participate in sustainable practices. It not only helps the environment but also sets an example for future generations on (5) _______ living.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**

✗ 1. such

✗ 2. dislike

✓ 3. like

✗ 4. similar to

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Recycling at home is a simple (1) _____ impactful way to contribute to environmental conservation. Separating recyclables (2) _____ paper, plastic and glass from regular waste reduces landfill waste. (3) ____ adopting this habit, individuals (4) _______ participate in sustainable practices. It not only helps the environment but also sets an example for future generations on (5) _______ living.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

✓ 1. By

✗ 2. And

✗ 3. Also

✗ 4. Again

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Recycling at home is a simple (1) _____ impactful way to contribute to environmental conservation. Separating recyclables (2) _____ paper, plastic and glass from regular waste reduces landfill waste. (3) ____ adopting this habit, individuals (4) ________ participate in sustainable practices. It not only helps the environment but also sets an example for future generations on (5) ________ living.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

✔ 1. actively

✘ 2. vehemently

✘ 3. strong

✘ 4. vociferously

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Recycling at home is a simple (1) _____ impactful way to contribute to environmental conservation. Separating recyclables (2) _____ paper, plastic and glass from regular waste reduces landfill waste. (3) ____ adopting this habit, individuals (4) ________ participate in sustainable practices. It not only helps the environment but also sets an example for future generations on (5) ________ living.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**

✘ 1. independent

✘ 2. wisely

✔ 3. responsible

✘ 4. obligated

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?**

**अधिकान्स धन व्यर्थ गया।**

**Ans**

✔ 1. अधिकान्स

✘ 2. व्यर्थ

✘ 3. गया

✘ 4. धन

**Q.2** **'पानी-वानी' किस प्रकार के युग्म रूप के अंतर्गत आएँगे?**

**Ans**

✘ 1. विरोधी युग्म

✘ 2. पर्यायवाची

✘ 3. शब्द विलोम

✔ 4. सार्थक-निरर्थक

**Q.3** **चौपाल ___________**

**उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान का उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा।**

**Ans**

✔ 1. वह जगह होती है, जहाँ गाँव के लोग सार्वजानिक मुद्दों पर चर्चा हेतु एकत्र होते हैं।

✘ 2. वह जगह होती है, जहाँ गाँव के लोग पशु चराते हैं।

✘ 3. वह जगह होती है, जहाँ गाँव के लोग पशुओं का गोबर एकत्रित करते हैं।

✘ 4. वह जगह होती है, जहाँ गाँव के लोग पानी भरते हैं।

Q.4 'इस क्षेत्र में मकान तो छोड़ो, उचित ढंग से ________ '|

प्रतिदिन की बोलचाल में प्रयोग किये जाने वाले उचित सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्म का चयन करके उपरोक्त वाक्य पूर्ण करें-

Ans
✗ 1. सड़क-गली भी नहीं बनी हैं
✗ 2. सड़कें-नालियाँ भी नहीं बनी हैं
✗ 3. गलियाँ-पोखर भी नहीं बनी हैं
✓ 4. सड़कें-वड़कें भी नहीं बनी हैं

Q.5 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -
लम्बे पेट वाला

Ans
✗ 1. लंपट
✗ 2. लंबू
✓ 3. लंबोदर
✗ 4. लंबोधर

Q.6 'छाती पर मूंग दलना' मुहावरे का सही अर्थ इनमें से क्या होगा?

Ans
✗ 1. गुस्सा करना
✗ 2. झगड़ा करना
✓ 3. कष्ट पहुंचाना
✗ 4. मारपीट करना

Q.7 इनमें से किस वाक्य में त्रुटि नहीं है ?

Ans
✗ 1. यह फूल आम का है|
✗ 2. गया था मै कानपुर
✗ 3. यह मेरा पुस्तक है|
✓ 4. मैंने यह कहानी पढ़ी है|

Q.8 'मुमुक्षु' शब्द के लिए सही वाक्य होगा-

Ans
✗ 1. मोक्ष प्राप्त करने वाला
✗ 2. मोक्ष के पथ पर चलने वाला
✓ 3. मोक्ष की इच्छा करने वाला
✗ 4. मोक्ष के मार्ग को सरल बनाने वाला

Q.9 भारत को संधि प्रस्ताव अग्राह्य रहा।

रेखांकित पद का विलोम कौन-सा है ?

Ans
✗ 1. निःसंदेह
✓ 2. विग्रह
✗ 3. असंधि
✗ 4. समास

Q.10 'इस जीवन में अनेक अध्याय हैं जो सम्पूर्ण सृष्टि को प्रभावित करते हैं|'

रेखांकित शब्दों को इनके अनेकार्थी शब्द से प्रतिस्थापित करें-

Ans
✗ 1. प्रवाह
✗ 2. उद्गम
✓ 3. सर्ग
✗ 4. पृष्ठ

**Q.11** 'क्षीण' का विलोम शब्द नीचे दिए विकल्पों में से चुनिए-

**Ans**
- ✗ 1. कमज़ोर
- ✓ 2. पुष्ट
- ✗ 3. पापी
- ✗ 4. अपुष्ट

**Q.12** वाक्य के रेखांकित शब्द को नीचे दिये गये शब्दों में से सर्वोचित शब्द से परिवर्तित करें-

अँधेरे के <u>पीछे</u> ठीक से चल पाना कठिन था।

**Ans**
- ✓ 1. कारण
- ✗ 2. समीप
- ✗ 3. समक्ष
- ✗ 4. बनिस्पत

**Q.13** मुझे रमेश से सहायता मिला थी। - स्त्रीलिंग की दृष्टि से वाक्य का शुद्ध रूप है-

**Ans**
- ✓ 1. मुझे रमेश से सहायता मिली थी।
- ✗ 2. मुझे रमेश से सहायता मिला था।
- ✗ 3. मुझे रमेश से सहायता मिलता था।
- ✗ 4. मुझे रमेश से सहायता मिला है।

**Q.14** 'मैं आपका दर्शन करने आया हूँ।'

इस वाक्य में कहाँ अशुद्धि है?

**Ans**
- ✗ 1. आया
- ✗ 2. करने
- ✓ 3. आपका
- ✗ 4. दर्शन

**Q.15** 'नदी' का पर्याय निम्न में से है-

**Ans**
- ✓ 1. तटिनी
- ✗ 2. अब्धि
- ✗ 3. गिरी
- ✗ 4. चपला

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

सृष्टि के प्रत्येक कार्यकलाप को अनुशासित तथा सुष्ठु रूप में गतिशील देखकर उसके (26) __________ को जानने की अभिलाषा मनुष्य में आदिकाल से रही है। वैदिक ऋषियों ने उसके रूप – निर्माण का भरसक प्रयत्न किया, किंतु हताश होकर वे (27) __________ करके रह गये। उसका रूप स्थिर करने में स्वयं को असमर्थ मानकर उन्होंने उसे अरूप ही रहने दिया, किंतु उसे जानने की प्रक्रिया में कई नवीन रहस्यों के (28) __________ हुए। प्राचीन आर्य दो दलों में बँट गये। उनमें से एक एक दल तर्क और युक्ति से ब्रह्मा के रूप – निर्धारण का प्रयत्न करता रहा और दूसरे दल ने उसके रूप – निर्माण में तर्क और बुद्धि की पराजय को घोषित किया। इसी दूसरे दल के मनीषियों ने यह अनुभव किया कि मन केवल उसको जानने की (29)__________ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि अधिकाधिक उस ओर आकर्षित होता जा रहा है। कभी – कभी ऐसे स्थल भी अनुभूति में आते हैं, जहाँ व्यक्ति उसके आलिंगन में स्वयं संपूर्ण विश्व को कुछ समय के लिए ऐसे भूल जाता है, मानो कोई पुरुष अपनी प्रिया के आलिंगन में स्वयं को और विश्व को भूल जाता हो। रहस्य – भावना के उद्गम के विषय में यह उक्ति (30) __________ ही है।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(26)

**Ans**
- ✗ 1. प्रबंधक
- ✗ 2. संचालक
- ✗ 3. नियतांक
- ✓ 4. नियंता

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

सृष्टि के प्रत्येक कार्यकलाप को अनुशासित तथा सुष्ठु रूप में गतिशील देखकर उसके (26) __________ को जानने की अभिलाषा मनुष्य में आदिकाल से रही है। वैदिक ऋषियों ने उसके रूप – निर्माण का भरसक प्रयत्न किया, किंतु हताश होकर वे (27) __________ करके रह गये। उसका रूप स्थिर करने में स्वयं को असमर्थ मानकर उन्होंने उसे अरूप ही रहने दिया, किंतु उसे जानने की प्रक्रिया में कई नवीन रहस्यों के (28) __________ हुए। प्राचीन आर्य दो दलों में बँट गये। उनमें से एक एक दल तर्क और युक्ति से ब्रह्मा के रूप – निर्धारण का प्रयत्न करता रहा और दूसरे दल ने उसके रूप – निर्माण में तर्क और बुद्धि की पराजय को घोषित किया। इसी दूसरे दल के मनीषियों ने यह अनुभव किया कि मन केवल उसको जानने की (29)__________ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि अधिकाधिक उस ओर आकर्षित होता जा रहा है। कभी – कभी ऐसे स्थल भी अनुभूति में आते हैं, जहाँ व्यक्ति उसके आलिंगन में स्वयं संपूर्ण विश्व को कुछ समय के लिए ऐसे भूल जाता है, मानो कोई पुरुष अपनी प्रिया के आलिंगन में स्वयं को और विश्व को भूल जाता हो। रहस्य – भावना के उद्गम के विषय में यह उक्ति (30) __________ ही है।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(27)**

**Ans**

✗ 1. नेति - धोती

✗ 2. चेतनकी

✗ 3. नेक - बश्ती

✓ 4. नेति - नेति

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

सृष्टि के प्रत्येक कार्यकलाप को अनुशासित तथा सुष्ठु रूप में गतिशील देखकर उसके (26) __________ को जानने की अभिलाषा मनुष्य में आदिकाल से रही है। वैदिक ऋषियों ने उसके रूप – निर्माण का भरसक प्रयत्न किया, किंतु हताश होकर वे (27) __________ करके रह गये। उसका रूप स्थिर करने में स्वयं को असमर्थ मानकर उन्होंने उसे अरूप ही रहने दिया, किंतु उसे जानने की प्रक्रिया में कई नवीन रहस्यों के (28) __________ हुए। प्राचीन आर्य दो दलों में बँट गये। उनमें से एक एक दल तर्क और युक्ति से ब्रह्मा के रूप – निर्धारण का प्रयत्न करता रहा और दूसरे दल ने उसके रूप – निर्माण में तर्क और बुद्धि की पराजय को घोषित किया। इसी दूसरे दल के मनीषियों ने यह अनुभव किया कि मन केवल उसको जानने की (29)__________ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि अधिकाधिक उस ओर आकर्षित होता जा रहा है। कभी – कभी ऐसे स्थल भी अनुभूति में आते हैं, जहाँ व्यक्ति उसके आलिंगन में स्वयं संपूर्ण विश्व को कुछ समय के लिए ऐसे भूल जाता है, मानो कोई पुरुष अपनी प्रिया के आलिंगन में स्वयं को और विश्व को भूल जाता हो। रहस्य – भावना के उद्गम के विषय में यह उक्ति (30) __________ ही है।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(28)**

**Ans**

✗ 1. उदजनीकरण

✓ 2. उद्घाटन

✗ 3. उद्ग्रहण

✗ 4. उद्भावन

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

सृष्टि के प्रत्येक कार्यकलाप को अनुशासित तथा सुष्ठु रूप में गतिशील देखकर उसके (26) __________ को जानने की अभिलाषा मनुष्य में आदिकाल से रही है। वैदिक ऋषियों ने उसके रूप – निर्माण का भरसक प्रयत्न किया, किंतु हताश होकर वे (27) __________ करके रह गये। उसका रूप स्थिर करने में स्वयं को असमर्थ मानकर उन्होंने उसे अरूप ही रहने दिया, किंतु उसे जानने की प्रक्रिया में कई नवीन रहस्यों के (28) __________ हुए। प्राचीन आर्य दो दलों में बँट गये। उनमें से एक एक दल तर्क और युक्ति से ब्रह्मा के रूप – निर्धारण का प्रयत्न करता रहा और दूसरे दल ने उसके रूप – निर्माण में तर्क और बुद्धि की पराजय को घोषित किया। इसी दूसरे दल के मनीषियों ने यह अनुभव किया कि मन केवल उसको जानने की (29)__________ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि अधिकाधिक उस ओर आकर्षित होता जा रहा है। कभी – कभी ऐसे स्थल भी अनुभूति में आते हैं, जहाँ व्यक्ति उसके आलिंगन में स्वयं संपूर्ण विश्व को कुछ समय के लिए ऐसे भूल जाता है, मानो कोई पुरुष अपनी प्रिया के आलिंगन में स्वयं को और विश्व को भूल जाता हो। रहस्य – भावना के उद्गम के विषय में यह उक्ति (30) __________ ही है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(29)**

**Ans**

✓ 1. जिज्ञासा

✗ 2. जिगीषा

✗ 3. जिहासा

✗ 4. जिघांसा

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

सृष्टि के प्रत्येक कार्यकलाप को अनुशासित तथा सुष्ठु रूप में गतिशील देखकर उसके (26) __________ को जानने की अभिलाषा मनुष्य में आदिकाल से रही है। वैदिक ऋषियों ने उसके रूप – निर्माण का भरसक प्रयत्न किया, किंतु हताश होकर वे (27) __________ करके रह गये। उसका रूप स्थिर करने में स्वयं को असमर्थ मानकर उन्होंने उसे अरूप ही रहने दिया, किंतु उसे जानने की प्रक्रिया में कई नवीन रहस्यों के (28) __________ हुए। प्राचीन आर्य दो दलों में बँट गये। उनमें से एक एक दल तर्क और युक्ति से ब्रह्मा के रूप – निर्धारण का प्रयत्न करता रहा और दूसरे दल ने उसके रूप – निर्माण में तर्क और बुद्धि की पराजय को घोषित किया। इसी दूसरे दल के मनीषियों ने यह अनुभव किया कि मन केवल उसको जानने की (29)__________ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि अधिकाधिक उस ओर आकर्षित होता जा रहा है। कभी – कभी ऐसे स्थल भी अनुभूति में आते हैं, जहाँ व्यक्ति उसके आलिंगन में स्वयं संपूर्ण विश्व को कुछ समय के लिए ऐसे भूल जाता है, मानो कोई पुरुष अपनी प्रिया के आलिंगन में स्वयं को और विश्व को भूल जाता हो। रहस्य – भावना के उद्गम के विषय में यह उक्ति (30) __________ ही है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(30)**

**Ans**

✗ 1. सगंध

✓ 2. संगत

✗ 3. संहत

✗ 4. शकुंत